राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर

क्रमांकः शैक्षणिक–द्वितीय/2020/36504 दिनांक : 08/09/20

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त संघटक महाविद्यालय
   (महाराजा/महारानी/कॉमर्स/राजस्थान महाविद्यालय)
2. शैक्षणिक पी.जी. विभागाध्यक्ष/निदेशक/को–ओडिनेटर (जिनके अधीन सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स चलते हो)।

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषय :– प्रथम अस्थाई प्रवेशित छात्रों की फीस जमा कराने को आगे बढ़ाने एवं अन्य प्रवेश सम्बन्धी सूचनाओं के क्रम में।

सन्दर्भ :– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक शैक्षणिक द्वितीय/2020/36457 दिनांक 05–09–2020 के क्रम में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में दिनांक 08–09–2020 को आयोजित हुई केन्द्रीय प्रवेश समिति 2020–21 की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार निर्देशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि –

1. प्रथम अस्थाई वरीयता सूची एवं ऐसे छात्र जिनके कुछ दस्तावेज ऑनलाईन द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालयों/विभागों द्वारा चाहे गये है तथा सम्बन्धित छात्र/छात्रों द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालयों/विभागों में जमा करा दिये है (अगर उनका नाम वरीयता सूची मे आता है तो) उनकी ऑनलाईन फीस जमा कराने के लिये दिनांक 10 सितम्बर, 2020 (बृहस्पतिवार) रात्रि 11:59 बजे तक बढ़ाई जाती है।
2. द्वितीय वरीयता अस्थाई सूची जो दिनांक 09 सितम्बर, 2020 को सम्बन्धित संघटक महाविद्यालय/विभाग द्वारा जारी की जानी थी उसे दिनांक 12 सितम्बर, 2020 को जारी किया जावे तथा उसकी ऑनलाईन फीस जमा कराने की अन्तिम तिथि दिनांक 16 सितम्बर, 2020 होगी।

भवदीय

(हरफूल सिंह यादव)
कुलसचिव

क्रमांकः शैक्षणिक–द्वितीय/2020/36505-26 दिनांक : 08/09/20

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :–

1. प्रो. विजय वीर सिंह, कन्वीनर, केन्द्रीय प्रवेश समिति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. जन सम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त सूचनाओं को न्यूज आईटम के रुप में प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
4. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उक्त सूचना को अपलोड करवाने का श्रम करें।
5. उप–कुलसचिव, लेखा एवं वित्त विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
6. निजी सचिव, माननीय कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. निजी सहायक, कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

उप–कुलसचिव
(शैक्षणिक–द्वितीय)